Faculty of Education

Institute of Advanced Studies in Education

(Deemed to be University)

Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahr – 331403 Distt. Churu (Rajasthan)

E.mail. : bttc.gvm@gmail.com, foedu@iaseuniversity.org.in URL: iaseuniversity.org.in, Mobile No.9828438888

दिनांक – 13.12.2021

‘खेलो इंडिया खेला’

अन्तर्विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिता का उद्धाटन

उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर के शिक्षा संकाय में ‘खेलो इंडिया खेलो’ अभियान के अन्तर्गत अन्तर्विश्वविद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं का विधिवत् उद्धाटन किया गया। प्रतियोगिता में राजस्थान वि.वि. जयुपर, म.द.स. वि.वि., बीकानेर, आयुर्वेद वि.वि. जोधपुर, आई. ए.एस.ई. मानित विश्वविद्यालय, सरदारशहर के महाविद्यालयों की टीमें भाग लेगी। डॉ. रामवतार गोदारा, अध्यक्ष, स्पोर्टस बोर्ड ने प्रतियोगिता का परिचय प्रस्तुत किया। खेल प्रभारी श्री चन्द्रशेखर भारती ने बताया कि प्रतियोगिताओं में टेबल–टेनिस, शतरंज, च्रक फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक, दौड़ 100,200,400,1500,1600 मीटर महिला व पुरूष वर्ग में होगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। डॉ. पी.के. पाण्डिया, रजिस्ट्रार, आई.ए.एस.ई. मानित विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधन द्वारा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा खेल भावना व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ खेलना चाहिए। गुड्डू जांगिड़, कृष्णा पारीक, सुमन देशवाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। प्रो. मनीषा वर्मा, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. अल्पना शर्मा, सहायक आचार्य ने किया। समस्त महाविद्यालयों के खिलाड़ी व खेल प्रभारी उपस्थित रहे।

Faculty of Education

Institute of Advanced Studies in Education

(Deemed to be University)

Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahr – 331403 Distt. Churu (Rajasthan)

E.mail. : bttc.gvm@gmail.com, foedu@iaseuniversity.org.in URL: iaseuniversity.org.in, Mobile No. 9828438888

IASE (deemed to be university)

Faculty of Education

Institute of Advanced Studies in Education

(Deemed to be University)

Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahr – 331403 Distt. Churu (Rajasthan)

E.mail. : bttc.gvm@gmail.com, foedu@iaseuniversity.org.in URL: iaseuniversity.org.in, Mobile No.9828438888

दो छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर किया चयन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सरदारशहर. उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय, गांधी विद्या मंदिर के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय इतिहास विभाग के छात्र मनोहर प्रजापत व कुलदीप दिवराया का राष्ट्र स्तरीय अंतर विवि मुक्केबाजी प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

खेल प्रभारी चंद्रशेखर भारती ने बताया कि 15 दिसंबर से एलपी यूनिवर्सिटी जालंधर में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर देवेंद्र मोहन, रजिस्ट्रार डा.पीके पांडेय आदि ने रवाना किया।